an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Bangaon, West Bengal.

श्रीमती ममता ठाकुर (बनगाँव) ः मेरा निर्वाचन क्षेत्र बनगां, भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप एक ऐतिहासिक क्षेत्र है, जहां दुनिया के 5 करोड़ से अधिक मतुआ शिऐयों के लिये पवित्र - ठाकुर बारी सहित दो धर्म क्षेत्र का आवास केद्र है।

ऑस्कर विजेता फिल्म 'पथेर पांचाली' के प्रसिद्ध उपन्यासकार विभुतिभूऐण बंदोपाध्याय और ब्रिटिश शासन के दौरान नीलदर्पण नाटक के लेखक दीनबंधु मित्रा बनगां से ही थे। 42 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की उपस्थिति के साथ, पिछली जनगणना के अनुसार बनगां की कुल जनसंख्या 18,71,747 और सात वऐान की उम्र से अधिक लोगों की आबादी के लिए प्रभावी साक्षरता दर 90.25 प्रतिशित है।

लेकिन दुर्भाग्य से बनगां को लंबे समय से अपने क्षेत्र में एक सेंट्रल स्कूल से वंचित रखा गया है। परिणास्वरूप, जब भी मैं किसी छात्र की केद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अनुरोध करती हूँ उन छात्रों को कापा या साल्ट लेक केद्रीय विद्यालय, जो कि 250 किलोमीटर की दूरी पर है, वहां उनको भेज दिया जाता है।

नतीजतन, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जरूरतमंद और योग्य गरीब छात्र तथा अनुसूचित जाति के कई छात्रों को केद्रीय विद्यालयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का मौका नहीं मिल पा रहा है।

इस स्थिति में सरकार के संबंधित आदरणीय मंत्री जी से मैं अनुरोध करती हूँ कि बनगां में एक केद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए कृपया तत्काल कदम उठायें और बनगां के छात्रों की आकांक्षा और समय की आवश्यकता को पूर्ण करने में मदद करें।